कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा/माध्य/संस्था/शालादर्पण/अचलसम्पति/2018/12 दिनांकः– 17.1.18

उपनिदेशक(माध्यमिक)
प्राचार्य राजकीय उच्च अध्ययन संस्थान, बीकानेर/अजमेर
प्राचार्य राजकीय स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर
जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक प्रथम/द्वितीय)
जिला शिक्षा अधिकारी विधि, जयपुर/जोधपुर
प्रबंधक गुरूनानक संस्थान, जयपुर

विषयः– माध्यमिक शिक्षा में कार्यरत समस्त राजपत्रित अधिकारियों को उनकी SSO-ID से लॉगिन कर राज–काज सॉफ्टवेयर में उनकी अचल सम्पति का विवरण दिनांक 31.01.2018 तक अनिवार्य रूप से अपलोड करने बाबत्।

प्रसंगः– कार्मिक विभाग का परिपत्र दिनांक 27.12.2018

उपर्युक्त विषय व प्रसंगानुसार लेख है कि माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत समस्त संवर्गों के समस्त राजपत्रित अधिकारियों को अपनी SSO-ID से लॉगिन कर राज–काज सॉफ्टवेयर में उनकी अचल सम्पति का विवरण दिनांक 31.01.2018 तक आवश्यक रूप से अपलोड कर उसकी हार्ड कॉपी अपने आहरण वितरण अधिकारी को जमा करवानी है। **सूचना अपलोड करने की अंतिम तिथि में वृद्धि किसी भी स्थिति में संभव नहीं है**। यदि किसी कार्मिक की अचल सम्पत्ति की सूचना शून्य है तो भी शून्य की सूचना भी अपलोड करना अनिवार्य है। इसके अभाव में भावी वेतन वृद्धि तथा पदौन्नति देय नहीं होगी। उक्त कार्य को निर्धारित समय पर पूर्ण करने हेतु निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करेः–

1. समस्त आहरण वितरण अधिकारी अपने अधीनस्थ सभी संवर्गों के राजपत्रित अधिकारियों (प्रतिनियुक्त तथा अवकाश पर चल रहे कार्मिकों सहित) को इस संबंध में लिखित में सूचित कर दिनांक 31.01.2018 तक अचल सम्पत्ति विवरण अपलोड करने हेतु पाबंद करे तथा विवरण की हार्ड कॉपी प्राप्त कर उसका विधिवत रिकार्ड संधारण करे।
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी अपने अधीनस्थ आहरण वितरण अधिकारियों को इस संबंध में तुरंत सूचित कर नोडल विद्यालय के माध्यम से नियंत्रण कक्ष बनाकर प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर मण्डल अधिकारी को भेजे।
3. समस्त मण्डल अधिकारी अपने अधीनस्थ जिला कार्यालयों से प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर इसे समेकित कर ad.shaladarpan.dse@rajasthan.gov.in ई–मेल पते पर प्रेषित करे।
4. दिनांक 07.02.2018 तक समस्त मण्डल कार्यालयों द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्त्ता को प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना है कि उनके अधीनस्थ कार्यालयों के किसी भी राजपत्रित कार्मिक का अचल सम्पत्ति विवरण अपलोड होना शेष नहीं है।

अचल सम्पत्ति विवरण प्रगति रिपोर्ट दिनांक :– मण्डलः–..

क्र.सं.	जिले का नाम	कुल राजपत्रित कार्मिकों की संख्या	आज दिनांक तक अपलोड कार्मिकों की संख्या	शेष रहे कार्मिकों की संख्या

5. अचल सम्पत्ति अपलोड करने में किसी भी प्रकार की सहायता हेतु शासन सचिवालय के मुख्य भवन के कमरा नंबर 2126 में राज–काज साफ्टवेयर से संबंधित श्री विश्वास सिंह(9549206702), श्री कुशाग्र शर्मा(8233607608) तथा निदेशालय, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर के श्री अभयसिंह राजपुरोहित (9414007726) से संपर्क किया जा सकता है।

संलग्नः– अचल सम्पत्ति विवरण अपलोड किये जाने की कार्यविधि

ह.
(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपिः–
1. निजी सचिव, शासन सचिव स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, जयपुर।
2. उप शासन सचिव, शिक्षा ग्रुप–2 जयपुर।
3. समस्त अनुभाग अधिकारी कार्यालय हाजा।
4. स्टाफ ऑफिसर कार्यालय हाजा।
5. प्रभारी कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु।
6. अनुभाग अधिकारी गोपनीय प्रतिवेदन अनुभाग।

www.rajteachers.com

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर